बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 144 ● नई दिल्ली ● शनिवार 21 मार्च 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4



रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86


### दिल्ली-एनसीआर में हो रही है बारिश: हल्की हवाओं से बढ़ी ठंडक, दिन में भी छाए रहेंगे बादल; रुक-रुक कर बरसेंगे

नई दिल्ली । पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली में आज सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है। बारिश के साथ थोड़ी हवाओं ने माहौल में ठंडक पैदा कर दी है। दिन में भी रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मौसम विभाग ने कल कहा था कि शुक्रवार को भी दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ का असर नजर आएगा। ऐसे में आमतौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय गरज चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखी जा सकती है। इस दौरान हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है। कभी-कभी हवा की गति 40 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली । दिल्लीवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को और आधुनिक, सुविधाजनक और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए मुख्यमंत्री Rekha Gupta ने आज इंद्रप्रस्थ बस डिपो से 300 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि वर्ष 2023 से बंद पड़ा ईवी प्रोत्साहन पोर्टल अब दोबारा शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम राजधानी की परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा और यात्रियों के लिए सफर को आसान, सुरक्षित और आरामदायक बनाएगा।

**राजधानी में इलेक्ट्रिक बसों की बढ़ती संख्या**

सरकार का लक्ष्य दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह उत्सर्जन-मुक्त बनाना है। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक बसों की संख्या में तेजी से वृद्धि की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले एक साल में 2000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल की जा चुकी हैं। इन नई बसों के शामिल होने से राजधानी के नागरिकों को सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा सुविधा मिलेगी। नई बसों की वजह से राजधानी में कनेक्टिविटी और बेहतर होगी, खासकर उन इलाकों में जहां सार्वजनिक परिवहन की सुविधा पहले सीमित थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि शहर के हर कोने तक आधुनिक और स्वच्छ परिवहन सुविधा पहुंचाई जाए।



**नानकसर-गाजियाबाद अंतरराज्यीय बस सेवा की शुरुआत**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नानकसर से गाजियाबाद के बीच नई अंतरराज्यीय बस सेवा की भी शुरुआत की। इससे दिल्ली और एनसीआर के यात्रियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, डीटीसी के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास भी किया गया, जो राजधानी की परिवहन व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित और आधुनिक बनाने में मदद करेगा।

**ईवी प्रोत्साहन पोर्टल फिर से चालू**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि ईवी प्रोत्साहन पोर्टल, जो 2023 से बंद था, अब दोबारा चालू कर दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से 12,877 लाभार्थियों को लगभग 24 करोड़ रुपये की लंबित सब्सिडी सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले लोगों को उनका हक मिलेगा और राजधानी में ईवी अपनाने की प्रक्रिया और आसान होगी।

**राजधानी की सफर सुविधा में सुधार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ नई बसों का परिचालन नहीं है, बल्कि दिल्ली में पर्यावरण-संरक्षण, यात्रियों की सुविधा और सार्वजनिक परिवहन के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

आने वाले समय में दिल्ली सरकार का उद्देश्य है कि शहर के हर इलाके में स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन सेवा उपलब्ध हो। इस पहल से दिल्ली न केवल देश में अग्रणी शहरों में शामिल होगी जो सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसें चला रहे हैं, बल्कि यह पर्यावरण को सुरक्षित रखने और यात्रियों के लिए सुविधाजनक परिवहन सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# अफवाहों पर विश्वास न करें, अपने सिलिंडर की डोर स्टेप डिलिवरी का इंतजार करें; एलपीजी संकट पर सरकार

नई दिल्ली । पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही है। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें। इस संबंध में राय सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले रायों को अतिरिक्त 10फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है। 13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं।




ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई है। कल 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी रायों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है। लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें और वैकल्पिक ईंधन का अधिक से अधिक उपयोग करने की कोशिश करें। पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया। देश के किसी भी पोर्ट पर कहीं कोई कंजेशन की स्थिति नहीं है। कार्गो के संचाल और कार्गो की आवाजाही में कहीं कोई दिक्कत नहीं है। न्यू मंगलोर पोर्ट ने क्रूड और एलपीजी के कार्गो से जुड़े चार्ज के वेवर के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। ये 14 मार्च से 31 मार्च तक वैध है।

**पीएम ने दुनिया के पांच नेताओं से की बात-विदेश मंत्रालय**

प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने कल दुनिया के पांच नेताओं से बात की। उन्होंने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इन वार्ताओं में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने तनाव कम करने और उसके बाद शांति एवं स्थिरता की बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री और विभिन्न नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन के लिए अपना समर्थन दोहराया। प्रधानमंत्री ने ओमान के सुल्तान से भी बात की और उन्हें तथा ओमान के लोगों को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की भारत की निंदा को दोहराया और भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में ओमान के प्रयासों की सराहना की.

# दिल्ली अग्निकांड - मां को बचाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ी हिमांशी, दोनों जिंदा जल गए...

नई दिल्ली । मां, मेरे साथ जल्दी भागो आग तेजी से फैल रही है. बुजुर्ग मां ने कहा कि बेटी मैं तेज नहीं भाग सकूंगी, तू यहां से जल्दी बाहर चली जा. बेटी ने कहा नहीं मां चाहे जो हो जाए मैं आपको छोड़कर नहीं जाऊंगी, हम दोनों साथ ही आग से बाहर जाएंगे. और देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई, मां-बेटी दोनों ही आग में जिंदा जल गए. शायद कुछ ऐसा ही मंजर रहा होगा दिल्ली के पालम की उस बिल्डिंग का, जहां मंगलवार को भयावह आग लग गई थी. इमारत पूरी तरह खत्म हो चुकी है. साथ ही खत्म हो गई 9 जिंदगियां. बेटी अपनी मां को बचाने के लिए किस कदर तड़पी होगी इस बात का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है. वहीं मां के दिल पर क्या बीती होगी जब उसके जगर का टुकड़ा आंखों के सामने तड़पा होगा, दोनों की चीखों से एक दूसरे कलेजे छलनी हो गए होंगे. इस बात की महज कल्पना से ही रूह कांप उठती है. दिल्ली में पालम के साधनगर में लगी आग से एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई. हादसे के बाद जहां फायर ब्रिगेड के हाइड्रोलिक लैटर सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं आग लगने के दौरान परिवार ने अपने को बचाने के लिए क्या कुछ किया होगा, इसे लेकर भी कई बातें सामने आ रही हैं. मरने वालों में कश्यप परिवार के मुखिया राजेंद्र कश्यप की पत्नी लाडो कश्यप भी हैं. लाडो की बहन बाला पालम गांव में रहती हैं. हादसे वाले दिन उनको भी सुबह आग लगने की खबर पता लगी. वो अपनी बहन लाडो की बिल्डिंग के नीचे आई लेकिन तब तक उनको भी पता नहीं था कि लाडो की हालत कैसी है. पड़ोसियों में बताया कि लाडो बहुत यादा निकलती नहीं थी ज्यादातर घर में रहती थी. परिवार के नजदीकी रिश्तेदारों ने बताया कि लाडो और उनकी बेटी हिमांशी दोनों सेकेंड फ्लोर पर रहते थे .70 साल की लाडो तेज़ी से फैलती आग में तीसरी मंजिल पर नहीं पहुंच पाई. मां लाडो को बचाने के लिए बेटी हिमांशी भी उनके साथ रुकी रही. फिर बचने के लिए दोनों बाथरूम में भागी, लेकिन कास्मेटिक और प्लास्टिक की वजह से आग इतनी तेज़ी से फैली कि मां और बेटी की जली लाश एक साथ मिली.

# फूल वालों की सैर में शामिल हुए एलजी तरनजीत सिंह संधू, दरगाह में चढ़ाई चादर, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना



नई दिल्ली । दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी में आयोजित प्रसिद्ध फूल वालों की सैर में श्रद्धापूर्वक भाग लिया और पवित्र दरगाह में फूलों की चादर चढ़ाई. इस दौरान उन्होंने देश की तरक्की, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की. यह आयोजन दिल्ली में परंपरा और सद्भाव का प्रतीक माना जाता है. फूल वालों की सैर दिल्ली की सदियों पुरानी परंपरा है, जो हिंदू और मुस्लिम समुदायों की साझा संस्कृति को दर्शाती है. इस आयोजन में योगमाया मंदिर और दरगाह दोनों स्थानों पर श्रद्धा व्यक्त की जाती है. उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि योगमाया मंदिर और दरगाह में मनाया जाने वाला यह अनोखा उत्सव भारत की गंगा-जमुनी तहजीब और साझा विरासत की खूबसूरत झलक पेश करता है. उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश की विविधता में एकता को मजबूत करता है और समाज में आपसी सम्मान को बढ़ावा देता है. उपराज्यपाल ने अपने सोशल मीडिया एक्स के हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा, आदरणीय फूल वालों की सैर के अवसर पर, ख्वाजा बख्तियार काकी की पवित्र दरगाह पर पुष्पों की चादर अर्पित की गई. दिल्ली की प्रगति, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई. योगमाया मंदिर और दरगाह पर मनाया जाने वाला दिल्ली का यह अनूठा त्योहार हमारी समृद्ध मिश्रित संस्कृति और साझा विरासत को दर्शाता है. सदियों पुरानी यह परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं.

इस आयोजन में फूलों की सजावट, चादर चढ़ाने की रस्म और सांस्कृतिक गतिविधियां प्रमुख आकर्षण होती हैं. यह मंदिर और दरगाह दोनों में आयोजित किया जाता है. इस दौरान पारंपरिक जुलूस और पूजा-अर्चना की जाती है. इसमें स्थानीय लोगों और प्रशासन की सक्रिय भागीदारी होती है.

# पालम हादसे पर विपक्ष ने उठाए तीखे सवाल, सरकार ने कहा- पूरे शहर में होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

नई दिल्ली । दिल्ली के पालम इलाके में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है. इस घटना में कई लोगों की जान चली गई, जिससे एक परिवार पूरी तरह उजड़ गया. हादसे के बाद अब सियासत भी गरमा गई है और प्रशासन की तैयारियों पर गंभीर सवाल उठने लगे है घटना के बाद आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज और संजय सिंह मौके पर पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिया. इस दौरान माहौल काफी भावुक था और परिजनों का दर्द साफ झलक रहा था. अरविंद केजरीवाल ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हादसे के समय फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची. उन्होंने यह भी कहा कि मौके पर मौजूद हाइड्रोलिक लिफ्ट सही से काम नहीं कर रही थी, जिससे राहत और बचाव कार्य प्रभावित हुआ. उनका कहना है कि अगर समय रहते सही तरीके से कार्रवाई होती, तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी. उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है. केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मौके पर हंगामा किया और पीड़ित परिवारों के साथ बदसलूकी की.




उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने एक साथ 9 लोगों को खो दिया, उसे अब डराया और धमकाया जा रहा है, जो बेहद दुखद है. वहीं, दिल्ली सरकार की ओर से मंत्री आशीष सूद ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया. उन्होंने कहा कि सरकार इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है और आगे ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं. आशीष सूद ने बताया कि अब दिल्ली में सिटी-वाइड फायर सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा. इसके तहत हर इलाके की जांच होगी, चाहे वह रिहायशी क्षेत्र हो या कोई छोटा-बड़ा प्रतिष्ठान. उन्होंने कहा कि इस जांच में थर्ड-पार्टी एक्सपर्ट्स की मदद ली जाएगी, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रहे. सरकार का लक्ष्य है कि किसी भी इलाके को सुरक्षा के मामले में नजरअंदाज न किया जाए. दिल्ली में इससे पहले भी आग लगने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं. अक्सर जांच में यह पाया गया है कि सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया गया या फायर सिस्टम सही से काम नहीं कर रहा था. पालम का यह हादसा एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि सुरक्षा में छोटी सी लापरवाही भी कितनी भारी पड़ सकती है. अब सबकी नजर जांच पर टिकी है कि सचाई क्या सामने आती है और जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होती है.

# अंत्योदय के लक्ष्य के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध सरकार- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नायक समाज सदियों से मेहनत, ईमानदारी और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा हैं। इस समाज ने हर कठिन परिस्थिति में अपनी पहचान और संस्कृति को बनाए रखा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर पर संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत आयोजित संत शिरोमणि श्री गुरु लाधुनाथ जी महाराज के जयंती समारोह पर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान संत शिरोमणि श्री लाधुनाथ महाराज जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया। इस दौरान उनके साथ जनस्वास्थ्य आभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री को नायक समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह् भेंट कर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थित जनसमूह को नवरात्रों तथा संत लाधुनाथ महाराज जी की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री लाधुनाथ महाराज जी की जयंती हमारे सांस्कृतिक मूल्यों,आध्यात्मिक विरासत और सामाजिक एकता का उत्सव है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

वे एक ऐसे प्रकाश स्तंभ थे, जिन्होंने समाज को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। उन्होंने अपने पूरे जीवन में मानवता की सेवा को ही अपना धर्म माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत लाधुनाथ महाराज जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव और अज्ञानता को दूर करने के लिए अथक प्रयास किए। उनका मानना था कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है।

वे जीव हत्या के घोर विरोधी थे, उन्होंने लोगों को जीव हत्या न करने का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत लाधुनाथ महाराज जी ने



47 वर्ष की आयु में बीकानेर जिले के मसूरी गांव में समाधि ली। वे आज भी समाज की चेतना में जीवित हैं। इस गांव में हर साल उनकी याद में लगने वाला मेला लोगों में उनके प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। यह मेला राजस्थान का तीसरा सबसे बड़ा मेला है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नायक समाज का बड़ा गौरवशाली इतिहास है। इस समाज का इतिहास वीरता, त्याग और संघर्ष से भरा है। इन्होंने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ होने वाले संघर्षों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। निमाड़ के आदिवासी योद्धा भीमा नायक, कोल विद्रोह के नेता बुधु भगत और दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के योद्धा नरसा नायक की वीरता की कहानियां आज लोक कथाओं के रूप में प्रचलित हैं। हरियाणा में सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, हांसी की कई क्रांतिकारी घटनाओं में नायक समाज के सक्रिय योगदान के प्रमाण मिलते हैं। नायक समाज बधाई के पात्र हैं कि वे संत लाधुनाथ महाराज जी की वाणियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

**सरकार का लक्ष्य अंत्योदय है- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ले अनेक पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया, जिसके चलते समाज का यह वर्ग सुविधाओं का लाभ उठाकर प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा हैं।

डब्बल इंजन सरकार का लक्ष्य अंत्योदय है।

यानि कि जो अंत में रह गया, उसे आगे बढ़ाना है, चाहे वह किसी भी क्षेत्र, वर्ग और सम्प्रदाय में हो। सरकार

**संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत शिरोमणि श्री गुरु लाधुनाथ जी महाराज को किया नमन**

**नायक समाज ने सदियों से बनाए रखी अपनी पहचान और संस्कृति- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

**संत लाधुनाथ महाराज जयंती समारोह में सीएम ने सामाजिक समरसता और सेवा के मूल्यों पर दिया जोर**

का यह प्रयास है कि सभी बिरादरी, सभी जातियों के लोग आगे बढ़े, सभी का उत्थान हो, सभी को समाज में बराबर के हक मिलें। सबका साथ - सबका विकास प्रदेश सरकार की नीतियों का केन्द्र बिन्दु है।

## अनुसूचित जाति के किसानों के ट्रैक्टरों का किया गया भौतिक सत्यापन



सोनीपत। (संवाददाता) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ पवन शर्मा ने बताया है कि वर्ष 2025-26 में एसबी-89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को अनुदान पर उपलब्ध करवाए गए ट्रेक्टरों का शुक्रवार को भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में उक्त स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के 08 किसानों को 45 एचपी से अधिक के ट्रेक्टर पर विभाग द्वारा अधिकतम तीन लाख रूपए की दर से अनुदान दिया जाएगा। उप-निदेशक ने बताया कि सोनीपत उप मण्डल के किसानो के ट्रेक्टरों का भौतिक सत्यापन सहायक कृषि अभियंता कार्यालय राई व गोहाना उप मंडल के किसानो के ट्रेक्टरों का भौतिक सत्यापन उप मंडल कृषि अधिकारी गोहाना के कार्यालय में किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान संबंधित किसान मौजूद रहे। भौतिक सत्यापन जय सिंह तकनीकी सहायक, संदीप जेई व जीएसटी विभाग से टैक्स इंस्पेक्टर अनिल और रामअवतार द्वारा किया गया । उन्होंने बताया कि इस दौरान सोनीपत व गोहाना उप मंडल में 4-4 ट्रैक्टरों का सफल भौतिक सत्यापन किया गया। अब कृषि विभाग द्वारा डीबीटी के माद्यम से तीन लाख प्रति ट्रैक्टर अनुदान राशि किसानो के खातो में डाली जाएगी।

## घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर किसी भी व्यक्ति को न हो कोई परेशानी-उपायुक्त सुशील सारवान

सोनीपत। (संवाददाता) उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर आमजन की मूलभूत आवश्यकता से जुड़ा विषय है और इसकी आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण और डिलीवरी व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू एवं पारदर्शी रहे, ताकि किसी भी नागरिक को परेशानी का सामना न करना पड़े। घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए उपायुक्त सुशील सारवान ने लघु सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रतिनिधियों तथा गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिले में घरेलू गैस की वर्तमान आपूर्ति स्थिति, उपभोक्ताओं को समय पर डिलीवरी, लंबित बुकिंग, वितरण तंत्र की पारदर्शिता और शिकायत निवारण प्रणाली की



गहन समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जिला के शिक्षण संस्थानों में बने हॉस्टलो में गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, ताकि हॉस्टल में रहने बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। श्री सारवान ने कहा कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एक गंभीर समस्या है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से गैस गोदामों,

**"कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, संबंधित अधिकारी रखें पैनी नजर"**

**"घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए उपायुक्त सुशील सारवान ने ली संबंधित अधिकारियों की बैठक**

एजेंसियों और वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण करें। यदि कहीं भी गैस सिलेंडर की अवैध बिक्री, स्टॉक में गड़बड़ी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों व एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित करें। साथ ही, उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की अतिरिक्त वसूली या अनुचित व्यवहार की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियां अपने रिकॉर्ड को अपडेट रखें और वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखें। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, अधिक मूल्य वसूली या किसी प्रकार की अनियमितता की जानकारी मिलती है तो तुरंत संबंधित विभाग या जिला प्रशासन को सूचित करें। आमजन का सहयोग इस व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बैठक में एसीपी मलकित सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी विंसल सहरावत, गैस एजेंसी संचालक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद जिला अस्पताल में हार्ट सेंटर का किया उद्धाटन, किफायती दरों पर मिलेगा दिल का इलाज



चंडीगढ़ ।

हरियाणा के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल ने आज फरीदाबाद के जिला अस्पताल (बीके अस्पताल) में हार्ट सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अब हृदय रोगों का आधुनिक उपचार आम जनता को कम खर्च में उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा निजी अस्पतालों में जहां स्टेंट का खर्च लगभग 2 लाख रुपये तक होता है, वहीं यहां यह सुविधा किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी और जांचें भी कम शुल्क पर होंगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बीके अस्पताल को क्षेत्र के लाखों लोगों की जीवनरेखा बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि एक वर्ष के भीतर जिला अस्पताल (बीके अस्पताल) का व्यापक विस्तार किया जाएगा और 200 से 400 बेड क्षमता वाला नया आधुनिक अस्पताल भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपकरणों की उपलब्धता, भवन की मरम्मत, नई मशीनों की स्थापना और अन्य सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाएगा। साथ ही, शव वाहन की सुविधा भी जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त 'महाकाल रसोई' शुरू की जाएगी, जहां परिजनों को 10 रुपये में भोजन मिलेगा तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा। अस्पताल परिसर में लगभग 2.10 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, सीवरेज और अन्य विकास कार्य शीघ्र आरंभ किए जाएंगे। श्री विपुल गोयल ने बताया कि 4 अप्रैल को सेक्टर-12, फरीदाबाद में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम में मेट्रो विस्तार, आरआरटीएस, नए अस्पताल और अन्य विकास परियोजनाओं की घोषणाएं की जाएंगी। वहीं, 28 अप्रैल को जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी में रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## देश की भावी पीढ़ी को भगवान श्री परशुराम के पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा मिलेगी भव्य चौक से - डा. अरविंद शर्मा

चंडीगढ़।

हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि पिहोवा में निर्मित भगवान श्री परशुराम चौक से देश की भावी पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह चौक युवाओं को भगवान श्री परशुराम के आदर्शों पर चलने के लिए आत्मबल प्रदान करेगा और तीर्थ नगरी पिहोवा के सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शुक्रवार को पिहोवा में नगरपालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। इससे पूर्व उन्होंने भगवान श्री परशुराम चौक का विधिवत उद्घाटन किया और विकास कार्यों के लिए 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने मां सरस्वती मंदिर में मत्था टेककर पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने कहा कि पिहोवा एक प्रमुख तीर्थ नगरी है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु हर वर्ष आते हैं। इस भव्य



चौक की सुंदरता और आकर्षण यहां आने वाले पर्यटकों पर विशेष छाप छोड़ेगा, जिसे वे अपने-अपने क्षेत्रों तक लेकर जाएंगे। डा. अरविंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मोरनी हिल्स, कुरुक्षेत्र सहित अन्य स्थानों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। डा. शर्मा ने कहा कि भगवान श्री परशुराम के नाम पर यह भव्य चौक बनाना सराहनीय पहल है। चौक पर स्थापित शंख और उस पर स्थापित होने वाली भगवान श्री परशुराम की प्रतिमा से इसकी भव्यता और बढ़ेगी।उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार सरस्वती नदी के जल प्रवाह को पिहोवा तक लाने के लिए प्रयासरत है। पिहोवा ड्रेन को सरस्वती ड्रेन घोषित किया जाएगा और मुख्य मार्ग को फोरलेन बनाने का कार्य भी शीघ्र शुरू होगा।

